# *प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-*
# *(पत्रांक-265/2025 दिनांक 22.09.2025)*
# *दिनांक-22.09.2025 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-*

***थाना कसया क्षेत्रान्तर्गत पिता की हत्या करने वाला अभियुक्त मय आला कत्ल के साथ गिरफ्तार-***

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री केशव कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री निवेश कटियार पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कसया श्री कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 22.09.2025 को थाना कसया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0605/2025 धारा 103(1), 109 BNS से सम्बन्धित अभियुक्त सतेन्द्र यादव पुत्र स्व ईश्वर यादव साकिन चिरगौडा थाना कसया जनपद कुशीनगर गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

***पूछ-ताछ का विवरण-***
अभियुक्त ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसके पिता दूसरी शादी करना चाहते थे, जिसका उसने कई बार विरोध किया, किंतु पिता नहीं माने और दूसरी शादी कर ली। इससे क्षुब्ध होकर अभियुक्त ने दिनांक 21/22 सितंबर 2025 की रात्रि में अपने पिता व सौतेली मां पर चाकू और लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद अभियुक्त ने अपने पिता को छत से नीचे फेंक दिया जिससे उनकी मृत्यु हो गयी। यह जघन्य अपराध पिता-पुत्र के बीच पारिवारिक विवाद व जमीन बटवारे के चलते अंजाम दिया गया।

***पंजीकृत अभियोग-***
मु0अ0सं0 605 धारा 103(1)/109 बीएनएस थाना कसया जनपद कुशीनगर

***गिरफ्तार अभियुक्त-***
सतेन्द्र यादव पुत्र स्व ईश्वर यादव साकिन चिरगौडा थाना कसया जनपद कुशीनगर

Edit with WPS Office

*बरामदगी का विवरण-*
घटना में प्रयुक्त एक चाकू व एक लोहे का राड

*गिरफ्तार करने वाली टीमः-*
01. व0उ0नि0 प्रविन्द्र राय थाना प्रभारी थाना कसया जनपद कुशीनगर
02. का0 उमेश सिंह  थाना कसया जनपद कुशीनगर।
03. का0 उमाशंकर यादव थाना कसया जनपद कुशीनगर।

*शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-*
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 24 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

*कार्यवाही एक नजर में=*
1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान-50 वाहन
2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-46, व्यक्ति-210
3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(01)
4- जनपद में कुल गिरफ्तारी–(कुल-25)

*सोशल मीडिया सेल*
*जनपद कुशीनगर*

Edit with WPS Office